मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-624
16/12/2023

# मुख्यमंत्री ने पी0एम0सी0एच0 के पुनर्विकास कार्य का लिया जायजा, अशोक राजपथ पर बन रहे डबल डेकर पुल का भी किया निरीक्षण, तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 16 दिसम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान पी0एम0सी0एच0 के हॉस्पिटल ब्लॉक के पास स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माणाधीन कार्य और मास्टर प्लान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इसके पश्चात् कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट वर्क की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि 48 एकड़ में फैले पी0एम0सी0एच0 का पुनर्विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। 5,462 बेड का यह अस्पताल बनेगा। इसका निर्माण कार्य तीन फेज में कराया जा रहा है। पहले फेज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। प्रथम फेज में 2,073 बेड का निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण हो जाएगा और उसके बाद दूसरे तथा तीसरे फेज का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल को विश्वस्तरीय अस्पताल बनाया जा रहा है, जिसमें मरीजों को बेहतर ढंग की आधुनिक तकनीक से युक्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यहां कार्य करनेवाले चिकित्सकों से लेकर कर्मियों तक के लिए आवास का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही पढ़नेवाले छात्र–छात्राओं के रहने के लिए भी बेहतर ढंग से छात्रावास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि पहले फेज का निर्माण कार्य पूर्ण होते ही दूसरे और तीसरे फेज का निर्माण कार्य भी तेजी से पूर्ण करें। जब यह पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा तो मुझे काफी खुशी होगी। पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल का जे0पी0 गंगा पथ और अशोक राजपथ से बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें ताकि मरीजों और उनके परिजनों को पी0एम0सी0एच0 पहुँचने में कम समय लगे और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने अशोक राजपथ पर बन रहे डबल डेकर पुल का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री पाटलि पथ पर रुके और अधिकारियों को निर्देश दिया कि पाटलि पथ और नेहरु पथ के बीच सीधा संपर्क बनाने की योजना पर काम करें।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, स्वास्थ्य, पथ निर्माण तथा आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ0 आई0एस0 ठाकुर, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******